Through E-mail

From,

District Judge
Pratapgarh.

To,

The Registrar General,
Hon'ble High Court of Judicature at
Allahabad.

Letter No.- 858/XV-5-20......Dated - 15.6.20........

Subject- Closure report of District Court in compliance of Letter No. 1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/Allahabad dated 03.06.2020

Sir,

It is humbly submitted that the District Magistrate, Pratapgarh has reported vide its letter No. Memo/Shivir-2020 dated 15.06.2020 that the District Court Premises has fallen under containment zone as it is within distance of 250 metre from the house where a Corona Positive Case found.

The District Court has been closed till it remain under containment zone in compliance of direction contained in Letter No. 1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/Allahabad dated 03.06.2020 issued by Hon'ble High Court.

The detail report of District Magistrate, Pratapgarh is hereby annexed for your kind perusal and necessary action.

With regards.

Encl:- Copy of District Magistrate's report dated 15.06.2020

Yours faithfully

15/06/20

I/c District Judge,
Pratapgarh

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

मा0 जनपद न्यायाधीश,
प्रतापगढ़।

संख्याः 3810 / शिविर–2020 दिनांकः 15 जून, 2020

विषयः मा0 उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1096/IV सीपीसी ई–कोर्ट्स / इलाहाबाद दिनांक 09–05–2020 के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय परिसर का सैनिटाइजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए निम्नवत् निवेदन करना है कि प्रतिदिन सूचना प्रेषित किये जाने विषयक निर्देश के कम में आज दिनांक **15–06–2020** की सूचना निम्नवत् हैः–

1. जनपद प्रतापगढ़ में अब तक **101(81–रिकवर्ड, 05–मृतक, 15–एक्टिव केस)** कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के फलस्वरूप जनपद के **21 स्थलों को हॉट स्पॉट** घोषित किया गया है।
2. मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के निर्देश संख्या 1382 / 2020 / सीएक्स–3, गृह(गोपन) अनुभाग–3, दिनांकः 31 मई 2020 के अन्तर्गत परिभाषित शहरी क्षेत्र में कन्टेनमेन्ट जोन को शासनादेश संख्या 1274 / पांच–5–2020, चिकित्सा अनुभाग–5, दिनांक 13 जून, 2020 के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र का कन्टेनमेन्ट निम्नवत् परिभाषित किया गया है :–
   (1) यदि मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट में कोई एक टाव कोविड–19 से संक्रमित है, तो पूरी बिल्डिंग 21 दिन के स्थान पर 14 दिन के लिए ही सील की जाएगी।
   (2) यदि शहरी क्षेत्र के घर में एक या एक से अधिक कोविड–19 से संक्रमित व्यक्ति पाये जाते हैं, तो कन्टेनमेंट जोन का दायरा 250 मीटर अथवा पूरा मोहल्ला, जो भी कम हो, का ही होगा।
3. नगर पालिका परिषद, बेला–प्रतापगढ़ के मोहल्ला करनपुर में एक व्यक्ति कोरोना पाजिटिव पाया गया है, ऐसी दशा में करनपुर में स्थित कोरोना पाजिटिव के मकान से 250 मी0 की परिधि में कन्टेनमेन्ट जोन घोषित किया गया है।
4. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बेला–प्रतापगढ़ की आख्या के अनुसार **उक्त कन्टेनमेन्ट जोन की परिधि में दीवानी न्यायालय का क्षेत्र भी सम्मिलित है।**
5. **वाह्य न्यायालय, कुण्डा एवं लालगंज जनपद न्यायालय हॉट–स्पाट ऐरिया / कन्टेनमेन्ट जोन की परिधि से बाहर है।**
6. **शासन द्वारा जनपद प्रतापगढ़ को ओरेन्ज जोन में वर्गीकृत किया गया है।**
7. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बेल्हा–प्रतापगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि टीम गठित कर सम्पूर्ण कोर्ट व कोर्ट परिसर की विशेष सफाई कराते हुए सैनेटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है और इसका अनुश्रवण भी किया जा रहा है।
8. इसी प्रकार मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़ द्वारा चिकित्सीय टीम गठित करते हुए प्रातः 07:00बजे से 01:30 बजे अपरान्ह तक न्यायालय के गेट पर उपस्थित रहकर न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की थर्मल स्कैनिंग कराने के आदेश प.ारित करते हुए चिकित्सीय टीम को निर्देशित किया गया है। इसका भी डेली बेसिस पर अनुश्रवण किया जा रहा है।

अस्तु आख्या महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय
15/06/2020
(शत्रोहन वैश्य)
अपर जिलाधिकारी /
नोडल अधिकारी,कोविड–19
प्रतापगढ़।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़ को सूचनार्थ।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी,प्रतापगढ़ को टीम गठित कर न्यायालय में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की थर्मल स्कैनिंग कराने हेतु।
3. अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका,बेला–प्रतापगढ़ / नगर पंचायत,कुण्डा / लालगंज,प्रतापगढ़ को सम्पूर्ण कोर्ट व कोर्ट परिसर की विशेष सफाई कराते हुए सैनेटाइजेशन करने हेतु।

15/06/2020
अपर जिलाधिकारी /
नोडल अधिकारी,कोविड–19
प्रतापगढ़।

Seen
DJ
15/06/20